सांवरे सरकार को प्रणाम ये हमारा है लिरिक्स

सांवरे सरकार को,
प्रणाम ये हमारा है,
बस तुम्हरा ही सहारा है,
सांवरे सरकार।**bd।**

तर्ज – एक तेरा साथ।

लखदातारी तुम,
हर दुख हर लेते हो,
खुशी का है खजाना,
जो भी आता है,
तेरा दर्शन पाता है,
हो जाता है दीवाना,
आपके दर पर,
आया गर्दिशों का मारा है,
बस तुम्हरा ही सहारा है,
सांवरे सरकार।**bd।**

कर दो करम मुझ पर,
आया हूं मैं दर पर,
ओ मेरे खाटू वाले,
तुमसे आशा है,
तुम हो मेरे रहबर,
ओ मेरे खाटू वाले,
आपके आगे हमने,
दामन को पसारा है,
बस तुम्हरा ही सहारा है,
सांवरे सरकार।**bd।**

आ जाओ बाबा,
अब लाज मेरी रख लो,
बड़ा एहसान होगा,
बेसहारा हूं अब आसरा दे दो,
बड़ा एहसान होगा,
मैंने मुश्किल में,
बस आपको पुकारा है,
बस तुम्हरा ही सहारा है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सांवरे सरकार को,
प्रणाम ये हमारा है,
बस तुम्हरा ही सहारा है,
सांवरे सरकार।bd।

Vocals – Raj Pareek

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com